# प्रदूषण मुक्त होगी चारधाम यात्रा, विश्व फलक पर जगाएगी स्वच्छता की अलख

**चारधाम यात्रा**

**8 - स्वच्छ वातावरण में देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की तीर्थ यात्रा होगी सफल**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देवभूमि उत्तराखंड को प्रदूषण मुक्त बनाने की कवायद तेज हो गई है। धामी सरकार केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री समेत चार प्रमुख तीर्थ स्थलों के पैदल मार्गों को प्रदूषण मुक्त बनाएगी। इससे चारधाम यात्रा पर देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की तीर्थ यात्रा सफल होगी। साथ ही वे स्वच्छता का संदेश भी लेकर जाएंगे और विश्व फलक पर स्वच्छता की अलख जगाएंगे।
उत्तराखंड राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अब चारधाम यात्रा में भी इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग और संचालन बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। इसके तहत आरटीओ अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि इस बार इलेक्ट्रिक वाहन चाहे वह कामर्शियल हों या निजी, उन्हें चारधाम आने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा चारधाम यात्रा के रूट मार्ग पर 28 इलेक्ट्रिक स्टेशन लगाने की भी व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए जीएमवीएन को नोडल एजेंसी बनाया गया है। आरटीओ अधिकारी ने बताया कि चार्जिंग स्टेशन की संपूर्ण जानकारी लोग एप के माध्यम से ले सकेंगे।

**प्लेन क्षेत्रों में हर नौ किलोमीटर और चारधाम यात्रा मार्ग पर हर 30 किमी पर बनेगा चार्जिंग स्टेशन-**
दरअसल, फरवरी 2018 में संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में वाहनों से लगातार बढ़ रहे प्रदूषण पर चिंता जताई गई थी। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में देहरादून में इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला और वाहनों की संख्या भी बढ़ी, लेकिन अब तक एक भी चार्जिंग स्टेशन नहीं बने हैं। इससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अब परिवहन विभाग योजना बना रहा है कि प्लेन क्षेत्रों में हर नौ किलोमीटर और चारधाम यात्रा मार्ग पर हर 30 किमी में चार्जिंग स्टेशन बनाया जाए।

**उत्तराखंड स्वच्छ गतिशीलता परिवर्तन नीति से इलेक्ट्रिक वाहनों को मिलेगा प्रोत्साहन-**
उत्तराखंड सरकार ने वर्ष 2027 तक सभी डीजल आधारित और पुरानी तकनीक वाले शहरी सार्वजनिक परिवहन वाहनों को चलन से बाहर करने का निर्णय लिया है। इसके लिए परिवहन विभाग की ओर से तैयार उत्तराखंड स्वच्छ गतिशीलता परिवर्तन नीति 2024 को कैबिनेट से मंजूरी भी मिल गई है।

# शिवसेना की तैयारी पूरी, आदेश हुआ तो लड़ेंगे चुनाव : प्रजापति

**चुनावी समर**

**8 सभा में प्रदेश समन्वयक भूपेंद्र भट्ट ने कहा कि शिवसेना उत्तराखंड में निष्ठा के साथ कार्य कर रही है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
शिवसेना के प्रदेश प्रमुख देवेंद्र प्रजापति ने कहा कि चुनावी समर आरम्भ हो गया है। यदि राष्ट्रीय कार्यालय से प्रदेश शिवसेना को आदेश होता है तो शिवसेना पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। शिवसेना ने चुनाव की पूरी तैयारी कर रखी है।
प्रदेश कैंप कार्यालय हरिद्वार में हुई बैठक में प्रदेश प्रमुख प्रजापति ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई। सभा में प्रदेश समन्वयक भूपेंद्र भट्ट ने कहा कि शिवसेना उत्तराखंड में निष्ठा के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिवसेना उत्तराखंड की सभी सीटों पर अपनी भागीदारी निभा सकती है। इसके लिए संविधान अनुसार प्रदेश प्रमुख देवेंद्र प्रजापति के आदेश पर सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने पद की जिम्मेदारी पर काम करना होगा। प्रजापति ने कहा कि शिवसेना लोकसभा चुनाव के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। यदि राष्ट्रीय नेतृत्व का आदेश हुआ तो शिवसेना उत्तराखंड में अपनी क्षमता अनुसार लोकसभा चुनाव भी लड़ेगी। सभी ने एक-दूसरे को चंदन लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

## फॉगिंग और एंटी लार्वा दवा का होगा छिड़काव

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने शनिवार को बताया कि डेंगू की रोकथाम के लिए नगर निगम सख्त कदम उठाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए नगर निगम डेंगू की रोकथाम के लिए 15 मार्च से फॉगिंग अभियान शुरू करने जा रहा था। हालांकि अब इसकी तिथि को करीब 5 दिनों के लिए आगे बढ़ा दिया गया है।
मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खन्ना ने बताया कि डेंगू नियंत्रण के लिए हमारा माइक्रो प्लान 15 मार्च का ही सुनिश्चित हुआ था, लेकिन अभी सुबह शाम सर्द हवाओं का मौसम बना हुआ है। इसकी वजह से अभी यह अभियान शुरू नहीं किया जा रहा है।

# 26 मार्च से चलेगी देहरादून-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस, जल्द शुरू होगी बुकिंग

**वंदे भारत**

**8 - लखनऊ रेलवे स्टेशन से सुबह 5:15 बजे, देहरादून स्टेशन से 2:25 बजे रवाना होगी यह ट्रेन**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली के बाद उत्तराखंड के देहरादून और लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलने से कनेक्टिविटी न केवल बेहतर होगी बल्कि इसमें बढ़ोत्तरी बढ़ेगी। देहरादून-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस होली बाद 26 मार्च से चलेगी। लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस आठ घंटे 20 मिनट में यह सफर पूरा करेगी। जबकि, अन्य ट्रेन यही दूरी तय करने में 11 से 12 घंटे का समय लेती हैं। इसकी बुकिंग भी जल्द ही शुरू होने वाली है। इसका किराए पर मंथन जारी है। यह ट्रेन देहरादून से लखनऊ के बीच में सात स्टेशनों पर रुकेगी। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि शुभारंभ के बाद ट्रेन के संचालन का पूरा शेड्यूल जारी किया जाएगा।

### एक ही दिन में दोनों तरफ की यात्रा करने वाली यह पहली ट्रेन-
देहरादून और लखनऊ के बीच एक ही दिन में दोनों तरफ की यात्रा करने वाली यह पहली ट्रेन होगी। भारत सरकार ने देहरादून और लखनऊ के बीच रेल यात्रा को सुगम बनाने के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन का निर्णय लिया है। इससे पूर्व पिछले वर्ष देहरादून से नई दिल्ली आनंद विहार के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू हुआ था। सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलने वाली लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस लखनऊ से सुबह 5:15 मिनट पर चलेगी और दोपहर 1:35 बजे देहरादून पहुंचेगी। देहरादून से यह ट्रेन 2:25 बजे चलेगी और रात 10:40 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन देहरादून से चलने के बाद सीधे हरिद्वार स्टेशन पर रुकेगी। उसके बाद मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, आलमनगर और अंत में लखनऊ स्टेशन पर रुकेगी। इससे कनेक्टिविटी बढ़ेगी ही, यात्रियों को खासी राहत मिलेगी।

### यह होगा टाइम टेबल-
वंदे भारत ट्रेन नंबर 22545 लखनऊ जं.-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस 26 मार्च से सप्ताह में छह दिन (सोमवार को छोड़कर) लखनऊ जं. से 05.15 बजे प्रस्थान कर बरेली जं. से 08.35 बजे, मुरादाबाद जं. से 09.57 बजे और हरिद्वार से 12.15 बजे छूटकर देहरादून 13.35 बजे पहुंचेगी।
वापसी यात्रा में, 22546 देहरादून-लखनऊ जं. वंदे भारत एक्सप्रेस 26 मार्च से सप्ताह में छह दिन (सोमवार को छोड़कर) देहरादून से 14.25 बजे प्रस्थान कर हरिद्वार से 15.31 बजे, मुरादाबाद जं. से 17.45 बजे और बरेली जं. से 19.05 बजे छूटकर लखनऊ जं. 22.40 बजे पहुंचेगी। इस वंदे भारत एक्सप्रेस में आठ कोचों का रैक लगाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित, हेल्पलाइन और टोल फ्री नंबर जारी
**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ कराने के लिए कमर कस ली है। इसके लिए सचिवालय में राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। अधिकारियों की ड्यूटी के साथ ही हेल्पलाइन और टोल फ्री नंबर जारी किया गया है।
संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन के लिए संपूर्ण कार्य की निगरानी और सूचनाओं के अदान प्रदान को लेकर राज्य स्तरीय निर्वाचन कन्ट्रोल रूम सचिवालय स्थित अब्दुल कलाम भवन के भूतल स्थित कक्ष सं. 101 के सामने स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम 24 घंटे काम करेगा। कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए हेल्पलाइन, टोल फ्री सहित 06 टेलीफोन नंबर भी जारी किए गए हैं।यहां आने वाले शिकायत पर तत्काल संज्ञान लिया जाएगा।
आयोग की ओर से जारी नंबर-
-1800-1300-1950 (टोल फ्री नम्बर)
-0135-2664302
-30135-2664303
-0135-2664304
-0135-2664305
-0135-2664306

### केजरीवाल को कोर्ट से राहत मिलने पर आप ने मिठाई बांटकर जताया आभार
**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से जमानत मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए इसे लोकतंत्र की जीत बताया और मिष्ठान वितरण कर खुशी जाहिर की।इस अवसर पर पार्टी की पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा हेमा भंडारी ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए केंद्र के इशारे पर देश की सर्वोच्च संस्थानों में से एक ईडी फर्जी मुकदमा बनाकर अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने पर आमादा थी। अरविंद केजरीवाल शुरू से समन को गैरकानूनी बता रहे थे। इसके बावजूद ईडी ने एक के बाद एक लगातार आठ समन भेजे। आज न्यायालय ने इस षड्यंत्र को धराशायी करते हुए अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी।
पूर्व महानगर अध्यक्ष और नवनियुक्त लोकसभा प्रभारी अनिल सती ने कहा की केंद्र सरकार के इशारे पर देश की सर्वोच्च संस्थाएं संविधान और लोकतंत्र का गला घोंट रही है। न्यायालय के इस फैसले ने आज देश की 140 करोड़ जनता को विश्वास दिलाया है कि सरकार की मंशा चाहे जो कुछ भी हो परंतु गैर कानूनी कार्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।
आशीष गॉड, अमनदीप, पवन कुमार और मयंक गुप्ता ने कहा कि पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में इंडी एयरलाइंस का हिस्सा है। पार्टी जहां-जहां चुनाव लड़ रही है वहां पर हमारे वालंटियर जाकर प्रचार करेंगे और जहां-जहां पर इंडी एयरलाइंस लडेगी। सभी पार्टी कार्यकताओं ने हरिद्वार से अनिल सती को लोकसभा प्रभारी बनने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।
इस अवसर पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ओपी मिश्रा, पूर्व संगठन महामंत्री आशीष गॉड, अमनदीप, मयंक गुप्ता, बिजेंदर कश्यप, राम प्रकाश कौशल काके, शाहीन अशरफ, पवन बर्मन, गीता देवी, संजय गौतम मौजूद रहे।

### शासन के पास पहुंचा मुख्य अभियंता कुमाऊं का काला चिट्ठा, हेराफेरी का आरोप
**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सामाजिक और आरटीआई कार्यकर्ता अनिल चंद्र बलूनी ने उत्तराखंड पेयजल निगम के मुख्य अभियंता कुमाऊं पर करोड़ों रुपये हेराफेरी का आरोप लगाया है और साक्ष्य के साथ उनका कालाचिठ्ठा भी खोला है। इसमें उनकी पत्नी और विभागीय ठेकेदार भी शामिल हैं। उन्होंने भ्रष्ट अधिकारी के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई के लिए उत्तराखंड पेयजल निगम देहरादून के सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी और विजिलेंस से नौ बिंदुओं पर शिकायत की है।
आरटीआई कार्यकर्ता अनिल ने शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में बताया कि उत्तराखंड पेयजल निगम के मुख्य अभियंता कुमाऊं सुजीत कुमार विकास और उनकी पत्नी रंजू कुमारी जो कुचुपुचु इंटरप्राइजेज नाम की पार्टनरशिप कंपनी में साझीदार हैं, उन्होंने करोड़ों रुपये हेराफेरी की है। उनका कहना है कि सुजीत 2005 में उत्तराखंड आए थे और अब तक 24 करोड़ रुपये के जमीन खरीद चुके हैं। यही नहीं, करोड़ों रुपये के टेंडर लेने का भी आरोप लगाया। उन्होंने मुख्य अभियंता सुजीत, उनकी पत्नी रंजू की कुचुपुचु इंटरप्राइजेज व विभागीय ठेकेदार की मिलीभीगत से टेंडरों में विभाग को करोड़ों का नुकसान पहुंचाने और कर्मचारी आचरण नियमावली का खुला उल्लंघन करने के सभी साक्ष्य पेश किए। सामाजिक कार्यकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्य अभियंता सुजीत अपनी विभागीय सेवा के इतिहास में पूर्व में भी भ्रष्टाचार के चलते विभाग से निष्कासित किए जा चुके हैं।

# हरिद्वार लोस सीट के भाजपा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह का ऋषिकेश में हुआ चुनाव कार्यालय का शुभारंभ



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के मुखर्जी मार्ग में स्थित चुनावी कार्यालय का विधिवत वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ शुभारंभ हो गया।
शनिवार को क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डा. अग्रवाल ने कार्यकताओं को हर घर कैंपेन कर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को प्रचारित करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने भाजपा के पक्ष में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी भारी बहुमत से विजयी होंगे, इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार हैं। इस दौरान कार्यकताओं की भारी भीड़ को देखने को मिली।
मंत्री डा. अग्रवाल ने भाजपा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह के लिए बड़े अंतर से जीत दर्ज कराने को कहा। इस पर कार्यकताओं ने संगठन के पक्ष में नारे लगाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा 370 और एनडीए 400 पार के नारे के साथ पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं, जिसके लिए कार्यकर्ता पूरी मशक्कत के साथ ईमानदारी से तैयार हैं और प्रधानमंत्री मोदी की विकास योजनाओं को लेकर पिछले कई महीनों से घर-घर जाकर जनता से संपर्क कर रहा है। इस दौरान ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी नलिनी भट्ट, करण वोहरा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।
इस मौके पर जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा, ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा कविता शाह, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा नरेंद्र रावत, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सतीश सिंह, मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, सुरेंद्र कुमार, निवर्तमान मेयर अनिता ममगाईं, इंद्र कुमार गोदवानी, जितेंद्र अग्रवाल, पूर्व दजार्धारी कृष्ण कुमार सिंघल, संदीप गुप्ता, विनय उनियाल, जिला महामंत्री दीपक धमीजा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

## जान से मारने की धमकी का आरोपित इनामी बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
शातिर अपराधियों की धरपकड़ में जुटी पुलिस ने आज एक 5 हजार के इनामी बदमाश को दबोचा है। पकड़े गए आरोपित पर पहले से ही कई मामले दर्ज हैं। आरोपित को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक घोड़ा पुलिस लाइन बैरागी कैम्प निवासी शुभम शर्मा ने बजरीवाला बैरागी कैम्प निवासी उधम सैनी पुत्र अनिल सैनी के खिलाफ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना कनखल में एक लिखित तहरीर दी थी। पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 323, 504, 506 में मुकदमा दर्ज कर उसे उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# राधाकृष्ण मंदिर में फूलों की होली में डूबे भक्त

**फूलों की होली**

**8 राधा कृष्ण मंदिर के परिसर में खाटू श्याम के दरबार में वृंदावन बरसाना की होली के गीत गाए गए।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कनखल के राजघाट में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में फूलों की होली जमकर खेली गई और राधा कृष्ण के भजनों में लोग जमकर झूमे। देर रात तक कृष्ण के भजनों में भक्त लोग डूबे रहे।
राधा कृष्ण मंदिर के परिसर में खाटू श्याम के दरबार में वृंदावन बरसाना की होली के गीत गाए गए। कृष्ण के भजनों में डूबे लोगों की भक्ति देखते ही बनती थी। खाटू श्याम के दरबार में इस अवसर पर हवन किया गया। और खाटू श्याम की आरती उतारी गई।
दिल्ली से आई भजन गायकों की टोली ने कृष्ण और होली से जुड़े कर्ण प्रिय ऐसे भजन गाए कि लोग मस्ती में झूम उठे।

# 5.32 किमी पेयजल लाइन से दो हजार आबादी को मिलेगा लाभ

**शुभारंभ**

**8 मंत्री ने खांडगांव और लालपानी में बिछने वाली पेयजल लाइन का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया।**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने खांडगांव और लालपानी में बिछने वाली पेयजल लाइन का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस 5.32 किमी बिछने वाली पेयजल लाइन से दो हजार आबादी को लाभ मिलेगा। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने मंत्री डा. अग्रवाल का आभार प्रकट किया।
खांडगांव में आयोजित कार्यक्रम में भूमि पूजन कर डा. अग्रवाल ने बताया कि 93.93 लाख रुपये की लागत से खांडगांव और लालपानी क्षेत्र में 5.32 किमी तक पेयजल लाइन बिछायी जाएगी। उन्होंने बताया कि करीब दो हजार आबादी को इस पेयजल लाइन का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसमें 400 कनेक्शन दिए जाएंगे।
डा. अग्रवाल ने बताया कि उनकी विधायकी से पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या थी और लो प्रेशर की समस्याओं का भी अंबार लगा रहता था। उन्होंने कहा कि उनकी विधायकी के बाद से क्षेत्र में इस समस्या को अधिकांशतः दूर किया गया है। उन्होंने कहा कि खांडगांव और लालपानी क्षेत्र की जनता को भी अब पेयजल की समस्या से निजात पाएगी। इस दौरान ग्रामीणों ने डा. अग्रवाल का आभार प्रकट किया गया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा दिनेश सती, हरीश पंत, बीना रावत, मीना रावत, रतन लाल बिजल्वाण, पीएस पटेल, इंद्रमणि भट्ट, सुशील जोशी, बलवीर नेगी, रोशन ध्यानी, हुकम रावत, सुनीता, गुड्डी नेगी, जलकल अभियंता अरुण विक्रम रावत आदि उपस्थित रहे।

# पेयजल स्रोत से नहर बनाये जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**पेयजल किल्लत**

**8 ग्रामीणों का कहना है इस स्रोत का पानी नहर में जाने के बाद पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ेगा**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के देवाल विकास खंड के सेलखोला के ग्रामीणों ने गांव के लिए बने पेयजल स्त्रोत से तल्ली कोठमी गांव के लिए नहर बनाये जाने का विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है इस स्त्रोत का पानी नहर में जाने के बाद ग्रामीणों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ेगा। इस संबंध में ग्रामीणों की ओर से शनिवार को एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी थराली को सौंपा गया है।
सेलखोला के सरपंच नवीन पंत और हेमचन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल उपजिलाधिकारी थराली से मिला। उन्होंने उपजिलाधिकारी को बताया कि देवाल बाजार के साथ ही सेलखोला, बेराधार और कोठमी गांव के लिए कोठमी के पास पानी का स्त्रोत बनाया गया है, जिससे पांच हजार से अधिक की आबादी के लिए पानी की खपत होती है। वर्तमान समय में सिंचाई विभाग की ओर से इस स्त्रोत से तल्ला कोठमी गांव के लिए नहर का निर्माण किया जा रहा है। नहर के निर्माण से जहां वर्तमान समय में स्त्रोत को भी क्षति पहुंची है वहीं स्त्रोत में नहर निर्माण से निकलने वाले मलबे के जाने से ग्रामीण गंदा पानी पीने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि स्त्रोत से नहर में पानी डालने के बाद सेलखोला, बेराधार, कोठमी गांव को पानी की किल्लत झेलनी पड़ सकती है। लिहाजा वर्तमान स्त्रोत से नहर के निर्माण पर रोक लगायी जाए ताकि ग्रामीणों को पेयजल किल्लत से बचाया जा सके।
उन्होंने कहा कि शीघ्र ही नहर निर्माण के कार्य पर रोक नहीं लगायी जाती है, तो ग्रामीणों को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। उप जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर व्यापार संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत, रमेश पंत, गुड्डी देवी, कमलेश पंत, भास्कर मिश्रा आदि मौजूद थे।

## दो वित्त अधिकारियों के कार्यों में हुआ बदलाव

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के वित्त सेवा संवर्ग के दो अधिकारियों के प्रभारों मे बदलाव किया गया है। वित्त अधिकारी भरत चंद से वित्त अधिकारी बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति का प्रभार वापस ले लिया गया है जबकि उन्हें मूल प्रभारी वरिष्ठ वित्त अधिकारी कारागार मुख्यालय के अधिकारी वरिष्ठ अधिकारी जीएमवीएन का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है।
इसी प्रकार आनंद सिंह जो मुख्य वित्त अधिकारी परिवहन आयुक्त कार्यालय देहरादून और अतिरिक्त प्रभारी मुख्य वित्त अधिकारी आयुर्वेद विवि को वित्त अधिकारी बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति का प्रभार दिया गया है।

**Name Change**
I Mahendra Ram Arya S/o Jivan Ram Arya R/o Teen Pani, Khanna Farm, Haldwani, Nainital, Uttarakhand - 263139, have changed my name to Mahendra Singh

# उत्तराखंड में न्याय आपके द्वार की परिकल्पना साकार कर रही सरकार, फैसला ऑन द स्पॉट

**सेवा-सुशासन**

**8 - गुड गर्वनेंस मॉडल से जनता और नौकरशाही के बीच सेतु बने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गुड गवर्नेंस मॉडल जनता और नौकरशाही के बीच सेतु बन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण की मंशा के साथ न्याय आपके द्वार की परिकल्पना साकार कर रहा है। यह संभव हो पाया है मुख्यमंत्री धामी के सरलीकरण, समाधान, निस्तारण व संतुष्टि की नीति से। गुड गवर्नेंस मॉडल की मूल अवधारणा में प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, सामाजिक न्याय, सहयोगी शासन और नागरिकों के साथ संवेदनशीलता को बढ़ावा देना शामिल है।

**मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ता से फोन पर बात कर लिया फीडबैक-**
मुख्यमंत्री धामी के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शनिवार को एक वीडियो चल रहा है। वीडियो में मुख्यमंत्री धामी अधिकारियों की बैठक ले रहे हैं और शिकायतकर्ता से फोन से बात कर फीडबैक ले रहे हैं। इसी बीच अधिकारियों की बोलती उस समय बंद हो गई, जब मुख्यमंत्री से सुना कि शिकायतकर्ता तीन माह पहले शिकायत किया है और अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायतकर्ता की बिजली बिल अधिक आने की शिकायत थी।

**समाधान न होने पर भड़के धामी, सख्त लहजे में कार्रवाई के दिए निर्देश-**
शिकायतकर्ता को समय से समाधान न मिलने पर मुख्यमंत्री ने सख्त लहजे में अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सरलीकरण, समाधान, निस्तारण व संतुष्टि के साथ काम करने व ऐसी शिकायत न आने की चेतावनी दी और जवाबदेही तय करने को भी कहा। यह मुख्यमंत्री की समयबद्धता और जनसमस्याओं के प्रति सरकार की जिम्मेदारी की समझ प्रदर्शित करता है।

**घर बैठे समस्याओं का हो समाधान, जवाबदेही तय-**
अधिकारियों के लिए लक्ष्य तय करना और विभागों के पास आ रही शिकायतों को अपने स्तर पर शीघ्र समाधान देना धामी सरकार के गुड गवर्नेंस का प्रमाण है। घर बैठे समस्याओं का समाधान हो, लोगों को विभागों के चक्कर न काटने पड़ें। इसके लिए मुख्यमंत्री धामी स्वयं मॉनिटरिंग करते रहते हैं।

**सीएम हेल्पलाइन पर 61 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण-**
जनवरी 2024 में हेल्पलाइन में दर्ज कुल 95573 शिकायतों में से 61 प्रतिशत का निस्तारण हो चुका है। विगत सोमवार को मुख्यमंत्री धामी ने हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की मॉनिटरिंग के दौरान फरियादियों से वार्ता कर उनका फीडबैक लिया था।

# लोगों को अनावश्यक परेशानी न उठाना पड़े, यह सुनिश्चित करें: मुख्यमंत्री

**निर्देश**

**8 मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याएं को सुनते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याएं को सुनते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि लोगों को समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े,यह सुनिश्चित किया जाए।
मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता व अन्य समस्याएं रखी।
इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कैम्प कार्यालय में तैनात अधिकारियों को जन समस्याओं के जल्द समाधान के लिए जन शिकायतों को यथाशीघ्र संबंधित विभागों को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही विभाग की ओर से शिकायतों और समस्याओं पर की गई कार्रवाई की जानकारी ली जाए।
उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए राज्य सरकार की ओर से अनेक प्रयास किये गये हैं। लोगों को घर बैठे ही अधिकांश सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### सीडीएस बिपिन रावत का राष्ट्र सेवा में योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सैनिक कल्याण मंत्री ने सीडीएस जनरल बिपिन रावत को स्मरण करते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा में उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। उनकी यादों को जिंदा रखने के लिए प्रदेश सरकार गुनियाल गांव में भव्य सैन्य धाम का निर्माण कर रही है।
शनिवार को कनक चौक स्थित जनरल बिपिन रावत पार्क में प्रथम सीडीएस स्व.जनरल बिपिन रावत की जयंती पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।
सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि जनरल बिपिन रावत पार्क के सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्यों को संपादित करने के लिए जल्द ही एक एक कमेटी बनाई जाएगी। इसके बाद उस कमेटी के अनुरूप आगे के कार्य किए जाएंगे। भव्य सैन्य धाम का मुख्य द्वार शहीद सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम पर बनाया जा रहा है।
मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड के युवाओं को सेना में लंबाई में 5 सेंटीमीटर की छूट जनरल बिपिन रावत की वजह से ही संभव हो पाई। पहाड़ के युवाओं की लंबाई मैदानी इलाकों के युवाओं से थोड़ी कम होती है। युवाओं को सेना में नौकरी के लिए लंबाई में छूट के लिए मिलकर अपनी बात रखी और इसकी उन्होंने स्वीकृति दी।
मंत्री ने कहा कि जनरल बिपिन रावत की ओर से बॉर्डर के दो ब्रिगेड पिथौरागढ़ और जोशीमठ में सेना के माध्यम से गांवों को संवारने का कार्य हो रहा है यह भी किया गया है।
इस मौके पर विधायक खजान दास,जनरल सम्मी सभरवाल,उपनल एमडी जे.एस बिष्ट, उपनिदेशक कर्नल बीएस रावत,कर्नल आरएल थापा,सुरेंद्र राणा,भूपेंद्र कटेत सहित कई पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

### वर्चुअल माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष ने किया सुदृढ़ीकरण कार्य का पूजन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण के सौजन्य से चिल्लरखाल -सिगड्डी -कोटद्वार -पाखरो मोटर मार्ग के 1 से 12 किमी में 1825.35 लाख की लागत से सुधृढ़ीकरण के कार्य का भूमि पूजन हुआ। विधानसभा अध्यक्ष ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।
विधानसभा अध्यक्ष ऋतु ने बताया कि चिल्लरखाल सिग्गड़ी मोटर मार्ग की स्थित काफी खराब स्थिति में थी , जिसके सुदृढ़ीकरण के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता हुई थी। इसके बाद उन्होंने इसके सुदृढ़ीकरण की घोषणा की थी। आज क्षेत्र वासियों ने मिलकर उक्त मोटर मार्ग के सुदृढ़ीकरण के कार्य का भूमि पूजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने और समय अवधि पर कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।
इस अवसर पर सहायक अभियंता सत्यप्रकाश,अनिल बहुगुणा , पार्षद कमल नेगी सुरेंद्र आर्य, माया कंडारी , आराधना , सिमरन , जितेंद्र , रजत , मोनिका , संतोष आदि लोग उपस्थित थे।

### महाराज ने देहरादून जनपद को दी 11 करोड़ से अधिक की योजनाओं की सौगात

**देहरादून**
प्रदेश के सिंचाई मंत्री ने देहरादून जनपद को 1117.03 लाख की सिंचाई विभाग की योजनाओं को उपहार दिया है। मंत्री ने शनिवार को तिलक रोड, साईं मंदिर के समीप आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री घोषणा के तहत सिंचाई विभाग की 383.56 लाख की चन्द्र नगर नाला रोड पर स्थित पुल से त्यागी रोड़ तक नाले के भूमिगत कार्य और 790.47 लाख की लागत से विधानसभा क्षेत्र राजपुर रोड के अंतर्गत मन्नूगंज नाले के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।
सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज जनपद को कुल 1117.03 लाख की सिंचाई विभाग की योजनाओं की सौगात देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में चारों ओर विकास की गंगा बह रही है।

### युवती से बलात्कार के बाद हत्या की धमकी देने वाला आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
युवती से बलात्कार कर उसकी हत्या करने की धमकी देने वाले आरोपित युवक को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपित को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक ज्वालापुर क्षेत्र के घुघाल रोड निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली ज्वालापुर में नामजद तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि परवेज पुत्र इश्तियाक ने उसकी पुत्री काल्पनिक नाम रानी को बलात्कार कर जान से मारने की धमकी दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपित के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# नाजायज संबंधों के डर से किया था मासूम का कत्ल, आरोपित गिरफ्तार

**खुलासा**

**8 पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में देखने और उसके साथ नाजायज संबंधों का बच्चों को पता चलने के डर से आरोपित ने एक मासूम को मौत के घाट उतारा था। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।
इस हत्या का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि 23 फरवरी को जनपद के ग्राम खुब्बनपुर भगवानपुर निवासी सरदार सिंह ने अपने 13 वर्षीय नाबालिग बेटे कार्तिक की गुमशुदगी दर्ज करायी थी। बच्चे की तलाश में जुटी पुलिस को 25 फरवरी को कार्तिक का शव ग्राम खुब्बनपुर थाना भगवानपुर में गन्ने के खेत से बरामद हुआ। शव को देखने के बाद प्रथम दृष्टया हत्या कर शव को गन्ने के खेत में फेंकना प्रकाश में आया। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम चिकित्सकों के पैनल के माध्यम से कराया। इस हत्या में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया था। इसमें कई संदिग्ध प्रकाश में आए जो दिन में ड्यूटी करते हैं और रात में जाते हैं, लेकिन फैक्टरी में उक्त व्यक्ति के सत्यापन के संबंध में सबसे अधिक संदिग्ध व्यक्ति का नाम अजय शर्मा प्रकाश में आया जो खुब्बनपुर में किराए पर रहता है। पुलिस ने अजय शर्मा को गांव में तलाश किया गया, लेकिन उक्त व्यक्ति गांव में नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने उसे अमोरवेट कम्पनी को जाने वाले रास्ते से धर दबोचा।पूछताछ में आरोपित ने अजय शर्मा पुत्र प्रमोद शर्मा निवासी ग्राम अथाई, थाना भोपा जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश हाल पता ग्राम खुब्बनपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार ने हत्या का पूरा राज खोल दिया।पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

# प्रत्येक लोकसभा सीट को 5 लाख के वोटों से जीतने का लक्ष्य : त्रिवेंद्र सिंह

**स्वागत समारोह**

**8 त्रिवेंद्र भाजपा कार्यालय में आयोजित एक भव्य स्वागत समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के पूर्व सीएम और हरिद्वार लोकसभा के उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि इस बार हम विधानसभा स्तर पर काम कर रहे हैं और हमारा पूरा फोकस है कि हाई कमान ने हमें जो लक्ष्य दिया है, हम उससे भी बेहतर प्रदर्शन करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लोकसभा सीट को 5 लाख के वोटों से जीतने का लक्ष्य रखा गया है।
हरिद्वार लोकसभा के उम्मीदवार त्रिवेंद्र भाजपा कार्यालय में आयोजित एक भव्य स्वागत समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब मेरे ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि जिस निष्काम प्रेम के साथ हरिद्वार की जनता ने बीते रोज मेरा स्वागत और अभिनंदन किया, उससे मेरी जिम्मेदारियां हरिद्वार के प्रति और बढ़ जाती हैं।

### गंगनहर घाट पर मिला युवक का शव

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गंगनहर घाट पर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। कांवड़ पटरी की ओर गंगनहर घाट पर करीब 32 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास किए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक की उम्र करीब 32 वर्ष बतायी गई है।थानाध्यक्ष दिलवर सिंह नेगी ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है।

# एनएसएस के विशेष शिविर का हुआ शुभारम्भ



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एसएमजेएन पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा इकाई का आज विशेष शिविर का शुभारम्भ हुआ। शिविर कार्यस्थल पृथ्वीराज चौहान धर्मशाला सीतापुर में किया गया। विशेष शिविर का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा, छात्र अधिष्ठाता कल्याण डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. जगदीश चन्द्र आर्य, डॉ. नलिनी जैन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुषमा नयाल ने किया। प्राचार्य प्रो. एसके बत्रा ने स्वयंसेवी छात्राओं को सात दिवसीय विशेष शिविर में होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा के सन्दर्भ में बताया।
इसके साथ ही अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के भाव के साथ राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्य ने कहा कि युवा एवं खेल मंत्रालय के अधीन चल रही राष्ट्रीय सेवा योजना की यह पहल छात्रों के चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण एवं स्वावलम्बी बनाने हेतु आवश्यक है। हम सभी को राष्ट्र निर्माण, स्वच्छता, कौशल विकास, बौद्धिक कार्यक्रमों के द्वारा अपनी शत प्रतिशत सहभागिता देनी चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुषमा नयाल ने प्रस्तावित सात दिवसों की परियोजना कार्यक्रमों, बौद्धिक सत्रों का विवरण बताया।
शिविर के प्रथम दिवस पर छात्र अधिष्ठाता कल्याण डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी ने छात्राओं को सशक्त एवं स्वावलम्बी होने के महत्व की चर्चा की। प्रो. जेसी आर्य ने छात्राओं को निर्देशित करते हुए कहा कि युवा एवं छात्र जीवन में राष्ट्र निर्माण, समाज कल्याण के साथ स्वयं के कौशल पर भी केन्द्रित होने का समय होता है, अतः राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिता में सहभागिता प्रदान करते हुए स्वयं को आने वाले समय के लिए तैयार करना आवश्यक है।
इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं में निशि, दीपांशी बेदी, मुस्कान, पायल मौर्या, खुशी ठाकुर, शालिनी, खुशी, खुशबु भारद्वाज, प्रीति, सीमा कोरी, डॉली, श्वेता निषाद, ममता रावत, रूचिता सक्सेना, डॉ. विनिता चौहान, दिव्यांश शर्मा, डॉ एमके सोही, मनोज मलिक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के पांच ऐतिहासिक कदम खोलेंगे समृद्धि के द्वार : आशा

**पांच गारंटी**

**8 प्रदेश महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोरमा ने कहा कि नारी न्याय गारंटी इस का प्रमुख उदाहरण है**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस नेत्री और प्रदेश महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के पांच ऐतिहासिक कदम समृद्धि के द्वार खोलेंगे।
शनिवार को कांग्रेस भवन में मीडिया से बातचीत में प्रदेश महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोरमा ने कहा कि नारी न्याय गारंटी इस का प्रमुख उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नारी शक्ति के लिए महालक्ष्मी, आधी आबादी पूरा हक, शक्ति का सम्मान, अधिकार मैत्री व सावित्री बाई फुले छात्रावास जैसी पांच गारंटी दे रही है।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपको 5 ऐसी गारंटियां दे रही है, जिनसे देश में महिलाओं का जीवन हमेशा के लिए बदल जाएगा। पहली न्याय गारंटी महालक्ष्मी इसमें सबसे गरीब परिवारों की एक महिला को हर वर्ष 1 लाख रुपए की गारंटी। दूसरी आधी आबादी, पूरा हक के तहत केंद्र सरकार में सभी नई भर्तियों का आधा हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित करने की गारंटी।
तीसरी शक्ति का सम्मान जिसमें आशा, आंगनबाड़ी और मिड-डे मील बनाने वाली महिलाओं के वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना करने की गारंटी है। चौथी गारंटी के अनुसार अधिकार मैत्री जिसमें सभी पंचायत में एक अधिकार मैत्री की नियुक्ति की गारंटी, जो महिलाओं को जागरूक कर उन्हें उनके कानूनी अधिकार दिलाने में मदद करेंगे।
पांचवी सावित्री बाई फुले छात्रावास इसमें देश में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की संख्या दोगुनी कर, हर ज़िले में कम से कम एक हॉस्टल सुनिश्चित करने की गारंटी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य देश की आधी आबादी को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और बराबरी का प्रतिनिधित्व देना है।

# धर्मनगरी हरिद्वार लोस सीट हमेशा से ही राजनीतिक दलों के लिए रही है अहम

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के धर्मनगरी हरिद्वार की लोकसभा सीट राजनीतिक दलों के लिए न केवल कई अर्थों में महत्वपूर्ण है वरन यह पार्टियों के लिए बहुत प्रतिष्ठा को भी दशार्ती है। इस सीट पर जीत-हार से निकला संदेश राजनीतिक दलों के लिए अन्य क्षेत्रों में भी समीकरण साधने का खास महत्व रखता है। ऐसे में हरिद्वार की लोस सीट पर इस बार भी लड़ाई काफी रोचक रहने वाली है। इस सीट पर सबसे अधिक भाजपा को जीत मिली है। इस बार भी भाजपा ने अपना उम्मीदवार पहले घोषित कर चुनावी बढ़त बना ली है।
भाजपा ने राज्य के सभी पांचों सीटों पर अपना उम्मीदवार पहले घोषित कर कांग्रेस से आगे निकल गयी है।



राज्य की सबसे हॉट सीट माने जाने वाली हरिद्वार लोकसभा सीट पर भाजपा ने सीटिंग सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक का टिकट काट कर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को उम्मीदवार बनाया है। मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने के बाद से त्रिवेंद्र को एक राजनीतिक अवसर का इंतजार था। हरिद्वार जैसी सीट से त्रिवेंद्र सिंह रावत को टिकट मिलना बड़ा अवसर है। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक हरिद्वार सीट पर अपना उम्मीदवार फाइनल नहीं कर पाई है। वहीं एक तरफ भाजपा लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ाती जा रही है।
भाजपा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत ने चुनावी हुंकार भर कर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। कार्यकताओं के साथ नारसन बार्डर, ऋषिकेश विधानसभा सहित विभिन्न स्थानों पर रोड शो निकाला।
उनका कहना है कि मां गंगा के द्वार हरिद्वार से मेरा आत्मीय नाता रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण का सपना अवश्य साकार होगा। इस संकल्प रूपी सेतु के निर्माण के लिए पार्टी ने एक गिलहरी की भूमिका में मुझे चुना है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ता से भाजपा के संकल्प को पूरा करने के लिए तन-मन-धन से जुड़ जाने का आह्वान किया। ऐसे में कमजोर संगठन और आपसी गुटबाजी में उलझी कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार में देरी पार्टी को रणनीतिक तौर पर कमजोर कर सकती है। उम्मीदवार को लेकर कांग्रेस मंथन कर रही है।
हरिद्वार लोकसभा की सीट 1977 में अस्तित्व में आई थी। शुरू में इस सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का प्रभाव होने के कारण लोकदल का ही दबदबा रहा। यही कारण रहा कि पहला चुनाव लोकदल ने 1980 में भी यह सीट जीती, लेकिन 1984 में समीकरण बदले और कांग्रेस के सुंदर लाल ने इस सीट पर कब्जा कर लिया। 1987 के उपचुनाव में भी कांग्रेस का कब्जा बरकरार रहा। 1989 में भी कांग्रेस का दबदबा कायम रहा। इस सीट पर कांग्रेस ने पकड़ मजबूत करने में सफलता हासिल की, लेकिन 1991 के बाद एक-दो मौके छोड़ दिए जाएं तो अधिकतर समय भाजपा ही इस सीट का प्रतिनिधित्व करती रही है।
कांग्रेस से 1991 में भाजपा में आए राम सिंह सैनी ने इस सीट का समीकरण बदल दिया और यह सीट भाजपा की झोली में आ गई। इसके बाद हरिद्वार सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कर दी गई और भाजपा के हरपाल साथी ने लगातार तीन चुनाव जीतकर रिकार्ड बनाया। 2004 में सपा के राजेंद्र सिंह बड़ी ने यह सीट भाजपा से छीन ली।
2009 में हरिद्वार सीट के अनारक्षित श्रेणी में आने के साथ ही कांग्रेस के हरीश रावत ने इस सीट पर जीत दर्ज की।

**नई वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा**
रेलयात्रियों की सुविधा हेतु लखनऊ जं. और देहरादून के बीच हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत सेवा की विस्तृत समय-सारणी निम्नानुसार होगी:-
गाड़ी सं. 22545/22546 लखनऊ जं.-देहरादून-लखनऊ जं. वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में छः दिन -सोमवार छोड़कर)

| गाड़ी सं. 22545 आगमन | गाड़ी सं. 22545 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 22546 आगमन | गाड़ी सं. 22546 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 05:15 | लखनऊ जं. | 22:40 | — |
| 08:33 | 08:35 | बरेली जं. | 19:03 | 19:05 |
| 09:52 | 09:57 | मुरादाबाद जं. | 17:40 | 17:45 |
| 12:10 | 12:15 | हरिद्वार | 15:26 | 15:31 |
| 13:35 | -- | देहरादून | -- | 14:25 |

शुभारंभ की तिथि: 22545 लखनऊ जं. से और 22546 देहरादून 26.03.2024 से
स्थान: एग्जीक्यूटिव चेयर कार और चेयर कार।
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
उत्तर रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# IPL 2024 का दूसरा चरण खेला जाएगा भारत से बाहर? BCCI इस देश को फिर से दे सकता है चांस



**नई दिल्ली.** आईपीएल 2024 का आगाज 22 मार्च से शुरू होने जा रहा है। बीसीसीआई ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अभी तक आईपीएल के पहले चरण के शेड्यूल की घोषणा की है। पहले चरण में 7 अप्रैल तक भारत में 21 मैच खेले जाने हैं। हालांकि, 17वें सीजन के दूसरे चरण का आयोजन भारत से बाहर हो सकता है। लोकसभ चुनाव की तारीखों को ऐलान शनिवार को होना है, जिसके बाद बीसीसीआई इस संबंध में बड़ा फैसला ले सकता है। आईपीएल को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शिफ्ट किया जा सकता है। 2020 में कोरोना महामारी के कारण आईपीएल का आयोजन यूएई में हुआ था।टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का चुनाव आयोग शनिवार दोपहर तीन बजे चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। उसके बाद, बीसीसीआई तय करेगा कि आईपीएल मैचों को दुबई में शिफ्ट किया जाना चाहिए या नहीं। फिलहाल, बीसीसीआई के कुछ शीर्ष अधिकारी आईपीएल के दूसरे चरण के आयोजन की संभावना तलाशने के लिए दुबई में हैं। वहीं, कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि कुछ आईपीएल टीमों ने अपने खिलाड़ियों से पासपोर्ट जमा करने को कहा है।बता दें कि लोकसभा चुनाव के कारण आईपीएल को पहले भी शिफ्ट किया जा चुका है। साल 2009 में चुनाव की वजह से आईपीएल के सभी मैच दक्षिण अफ्रीका में हुए थे। 2014 में आईपीएल का पहला हिस्सा यूएई में आयोजित किया गया था। लेकिन 2019 में चुनाव के बावजूद टूर्नामेंट पूरी तरह से भारत में खेला गया था। आईपीएल के चेयरमैन अरुण सिंह धूमल ने पिछले महीने संभावना जताई थी कि 17वां सीजन विदेश में शिफ्ट नहीं होगा क्योंकि आम चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद शेड्यूल को उसी हिसाब से तैयार किया जाएगा।धूमल ने कहा था, लीग भारत में ही, हम यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार और एजेंसियों के साथ काम करेंगे।

हम आम चुनाव के शेड्यूल का इंतजार कर रहे हैं और फिर हम उसके मुताबिक प्लान बनाएंगे। जैसे कि कौन-सा राज्य चुनाव के समय किसकी मैच की मेजबानी करेगा। चुनाव के समय इस तरह की योजना बनाई जाएगी। आईपीएल 2024 का पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच खेला जाएगा। दोनों की चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में भिड़ंत होगी। सीएसके ने आईपीएल 2023 में ट्रॉफी अपने नाम की थी।

### कम स्कोर को डिफेंड करना...RCB के फाइनल में पहुंचने पर एलिस पेरी ने कही मन की बात

**नई दिल्ली.एजेंसी** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के फाइनल में एंट्री कर ली है। आरसीबी की धाकड़ ऑलराउंडर एलिस पेरी ने मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ एलिमिनेटर में कमाल का प्रदर्शन किया। पेरी ने मुश्किल हालात में 50 गेंदों में 66 रन की पारी खेली। उन्होंने 8 चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने इसके अलावा चार ओवर में 29 रन देकर एक अहम विकेट चटकाया। आरसीबी ने 135/6 का स्कोर बनाया और जवाब में एमआई 130/6 ही जोड पाई। आरसीबी ने पांच रन से रोमांचक जीत हासिल की। पेरी को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्होंने लगातार दूसरे मैच में यह अवॉर्ड गया। आरसीबी के पहली बार डब्ल्यूपीएल फाइनल में पहुंचने के बाद पेरी ने मन की बात कही।ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर पेरी ने एलिमिनेटर के बाद कहा, हम अब फाइनल खेलने के लिए बेहद उत्साहित हैं। मुझे उम्मीद थी कि हम इस स्कोर का बचाव करेंगे और आज रात ऐसा ही हुआ।

## आकाश चोपड़ा ने IPL 2024 के लिए चुनी राजस्थान रॉयल्स की संभावित प्लेइंग XI, जानें किन्हें दिया मौका

**नई दिल्ली.एजेंसी**

आईपीएल 2024 का आगाज होने में अब महज कुछ ही दिनों का समय रह गया है ऐसे में क्रिकेट पंडितों का फ्रेंचाइजियों के स्क्वॉड का आकलन करने का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मौजूदा कमेंटेटर व एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा ने आईपीएल 2024 के लिए राजस्थान रॉयल्स की संभावित प्लेइंग XI चुनी है। आकाश चोपड़ा का कहना है कि जयपुर के मैदान पर आरआर तीन स्पिन ऑप्शन के साथ उतर सकती है।

संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2022 में उप-विजेता रही थी, वहीं पिछले सीजन टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई थी। उनका सीजन का अंत पॉइंट्स टेबल में 5वें पायदान पर रहकर हुआ था।आईपीएल 2024 की नीलामी से पहले राजस्थान ने आवेश खान को लखनऊ सुपर जाएंट्स के साथ ट्रेड किया, वहीं नीलामी में रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक और नंद्रे बर्गर को अपने स्क्वॉड में शामिल किया।

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, अगर आप सिर्फ एक विदेशी गेंदबाज के साथ जाना चाहते हैं, जो ट्रेंट बोल्ट/नंद्रे बर्गर में से कोई एक हो सकता है, तो आप अपने तीन विदेशी बल्लेबाजों के रूप में रोवमैन पॉवेल, शिमरॉन हेटमायर और जोस बटलर के साथ खेल सकते हैं।पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज ने आगे कहा, उसके बाद, दो स्पिनर - रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल। उन्होंने आवेश खान को लिया है, इसलिए वह इस टीम का हिस्सा होंगे। उनके पास कुलदीप सेन, नवदीप सैनी और संदीप शर्मा हैं। इसलिए उनके पास बहुत सारे विकल्प हैं।

हालांकि, चोपड़ा को लगता है कि रॉयल्स जयपुर में एक अतिरिक्त स्पिनर एडम जैंपा को मैदान में उतार सकता है। उन्होंने कहा कि आरआर अपनी प्लेइंग इलेवन में तीन उचित स्पिनरों को शामिल करने वाली एकमात्र टीम हो सकती है।

## एलिस पैरी को TATA ने दिया यादगार गिफ्ट, कुछ दिन पहले ही किया था उनका नुकसान

**नई दिल्ली.एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की हरफनमौला एलिस पैरी को डब्ल्यूपीएल 2024 के एलिमिनेटर मुकाबले के बाद एक ऐसा गिफ्ट मिला है जो उन्हें पूरी जिंदगी याद रहेगा। टाटा ने उन्हें एमआई वर्सेस आरसीबी मुकाबले के बाद एक टूटा हुआ कांच गिफ्ट किया है। यह वही गाड़ी कांच है जिसे एलिस पैरी ने अपने धमाकेदार शॉट के साथ तोड़ा था। बता दें, वुमेंस प्रीमियर लीग के 11वें मुकाबले के दौरान एलिस पैरी ने यूपी वॉरियर्स के खिलाफ एक ऐसा छक्का लगाया था जो सीधा बाउंड्री के बाहर खड़ी गाड़ी पर जाकर लगा था।



पैरी ने यह शीशा तोड़ सिक्स 19वें ओवर में जड़ा। यह ओवर दीप्ति शर्मा ने डाला। गेंद कार के बैक सीट के शीशे पर जाकर लगी थी और शीशा चकनाचूर हो गया था। शीशा टूटने के बाद पैरी हैरान नजर आईं और अपना सिर पकड़ लिया।पैरी को उसी कांच के टुकड़ों को एक फ्रेम में जोड़कर गिफ्ट किया गया। इस गिफ्ट को लेते हुए पैरी की हंसी नहीं रुक रही थी।एलिस पैरी ने शुक्रवार 15 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हुए मुकाबले में आरसीबी की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। एलिमिनेटर मैच में पैरी ने 66 रनों की शानदार पारी खेली जिसके दम पर बैंगलोर की टीम निर्धारित 20 ओवर में 135 के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही। पैरी के अलावा आरसीबी की कोई भी बैटर 20 रन का आंकड़ा तक नहीं छू पाई।

136 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस को ठीक ठाक शुरुआत मिली थी, टीम ने 8वें ओवर में 50 रन का आंकड़ा भी छू लिया था।

## आशा शोभना के सेलिब्रेशन से MI फैंस को लगेगी मिर्ची, 4 साल पहले SKY ने भी विराट कोहली की टीम के खिलाफ किया था कुछ ऐसा

**नई दिल्ली.एजेंसी**

शुक्रवार की रात रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के फैंस के लिए बेहद शानदार रही। WPL 2024 के एलिमिनेटर मुकाबले में आरसीबी ने गत चैंपियन एमआई को हराकर एक अविश्वसनीय जीत दर्ज की। पूरे मैच के 40 में से 38 ओवर पिछड़ने के बाद आरसीबी ने यह जीत दर्ज की है। आखिरी दो ओवर में मुंबई इंडियंस को मात्र 16 रनों की दरकार थी। मगर आरसीबी की कसी हुई गेंदबाजी के आगे टीम 10 ही रन बना पाई और स्मृति मंधाना की टीम ने पहली बार फाइनल का टिकट कटाया। आरसीबी की जीत के बाद आशा शोभना ने कुछ ऐसा रिएक्शन दिया जिसे देखने के बाद फैंस को सूर्यकुमार यादव की याद आ गई। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।आशा शोभना को स्मृति मंधाना ने पारी का आखिरी ओवर डालने का मौका दिया था। इस लेग स्पिनर को 6 गेंदों पर 12 रन डिफेंड करने थे। आशा ने खुद को शांत रखते हुए अच्छे टप्पे पर गेंदबाजी की और ओवर से मात्र 6 रन खर्च कर आरसीबी को जीत दिलाई। इस दौरान उन्हें एक विकेट भी मिला।शोभना ने मैच जीतने के बाद शांत रहो मैं यहां हूं का सेलिब्रेशन किया। ऐसा ही कुछ सेलिब्रेशन 4 साल पहले सूर्यकुमार यादव ने आरसीबी के खिलाफ किया था। आईपीएल 2020 के एक मैच के दौरान जब विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव की भिड़ंत हुई थी तो उस मैच को मुंबई को जीताने के बाद स्काई ने कुछ ऐसा ही सेलिब्रेशन किया था। अब आशा ने उनसे यह हिसाब चुकता किया है।





### मैं KKR में वापस आकर...2018 वाली कसक IPL 2024 में पूरी करना चाहते हैं मिचेल स्टार्क

**नई दिल्ली.एजेंसी**

आईपीएल 2024 का आगाज होने में कुछ दिन बाकी रह गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ पेसर मिचेल स्टार्क आगामी सीजन में मैदान पर उतरने के लिए बेहत उत्साहित हैं। वह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा हैं। वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। उन्हें केकेआर ने ऑक्शन में 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। स्टार्क ने 17वें सीजन से पहले अपनी एक कसक के बारे में बताया है। दरअसल, स्टार्क को 2018 में केकेआर ने खरीदा था लेकिन चोट के कारण उन्हें अपना नाम वापस लेना पड़ गया था।34 वर्षीय स्टार्क ने कुल 27 आईपीएल मैच खेले है और 34 शिकार किए। वह 2014 और 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए खेले थे। वह आठ साल के अंतराल के बाद आईपीएल में खेलते हुए नजर आएंगे। दो बार की आईपीएल चैंपियन केकेआर को 17वें सीजन में अपना पहला मैच 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध खेलना है। स्टार्क ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मुझे लगता है कि 8 साल हो चुके हैं। मैं केकेआर में वापस आ गया हूं, जहां मुझे 2018 में होना चाहिए था। मेरी वो कसक अब पूरी होगी।



स्टार तेज गेंदबाज ने कहा, आईपीएल में मेरी यादें थोड़ा और पहले की हैं। मैं 2014 और 2015 में आरसीबी के साथ था। अब केकेआर की ओर से उतरने के लिए वाकई उत्साहित हूं। जाहिर है, खिलाड़ियों का एक नया रूप है। ऐसे खिलाड़ियों का रूप, जिनसे मैं निश्चित रूप से पहले नहीं मिला हूं या उनके साथ काम नहीं किया है। कुछ खिलाड़ी हैं, जिनके खिलाफ मैंने खेला है और उनसे मिला हूं। हां, यह रोमांचक होने वाला है। यह निश्चित रूप से एक नई चुनौती है। लेकिन हां, यह रोमांचक होगा। यह दुनिया की बेस्ट टी20 लीग है। मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

## IPL 2024 में ऐसा एटीट्यूड हो, कोई सीनियर-जूनियर...KKR मेंटोर गौतम गंभीर ने पहली स्पीच में उड़ाया गर्दा



**नई दिल्ली.एजेंसी**

आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से होने जा रही है। दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) 17वें सीजन में अपने अभियान का आगाज 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के विरुद्ध करेगी। केकेआर ने आखिरी खिताब 10 साल पहले जीता था। केकेआर ने 2012 और 2014 में गौतम गंभीर की कप्तानी में आईपीएल ट्रॉफी अपने नाम की। गंभीर अब केकेआर के मेंटोर हैं। उन्हें पिछले साल नवंबर में यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। गंभीर ने पहली स्पीच दी है, जिसका वीडियो शनिवार को केकेआर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया।गंभीर ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी जीतने के लिए जिस अंदाज में मोटिवेट किया, वो देखने लायक है। उन्होंने कहा, आप एक सफल फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। सुनिश्चित करें कि आप उसी तरह से ट्रेनिंग करें, आप उसी तरह से खेलें और आप मैदान पर उसी तरह के एटीट्यूड के साथ उतरें। एक बात जिस पर मैं पूरी तरह विश्वास करता हूं, वो है खिलाड़ियों को पूरी आजादी देना। यह बहुत ही अहम है। जो लोग मेरे साथ खेले हैं, उन्हें मेरे बारे में एक चीज मालूम है कि इस टीम में हर के साथ समान व्यवहार किया जाएगा। यहां कोई सीनियर-जूनियर नहीं। यहां कोई डोमेस्टिक/इंटरनेशनल नहीं।केकेआर मेंटोर ने आगे कहा, हमारा एक ही मिशन है और वो है आईपीएल जीतना। हर किसी को उसे फॉलो करना है। हमें कड़ी मेहनत करने है और वहां 26 मई (संभावित फाइनल) पहुंचना है। उसकी तैयारी 23 मार्च से बल्कि आज से शुरू हो रही है। अगर हम एक मकसद के साथ आगे बढ़ेंगे और डटकर मुकाबले करेंगे तो मुझे उम्मीद है कि हमें काफी सफलता मिलेगी।

## IPL 2024 के कमेंट्री पैनल का हुआ ऐलान, लिस्ट में गावस्कर, स्मिथ-ब्रॉड से लेकर लारा और भज्जी-पठान

**स्टार स्पोर्ट्स ने आईपीएल 2024 के लिए टीवी कमेंट्री पैनल का ऐलान कर दिया है। लिस्ट में सुनील गावस्कर, ब्रायन लारा और हरभजन सिंह समेत अनेक दिग्गजों का नाम है।**



**नई दिल्ली.एजेंसी**

आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से होने जा रही है। यह इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां सीजन है। आईपीएल के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने आगामी सीजन के लिए हिंदी और अंग्रेजी के टीवी कमेंट्री पैनल का ऐलान कर दिया है। कमेंट्री पैनल में सुनील गावस्कर, ब्रायन लारा, हरभजन सिंह समेत अनेक पूर्व दिग्गज क्रिकेटर हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भी कमेंट्री करते हुए नजर आएंगे। उन्हें नीलामी में किसी फ्रेंचाइजी नहीं खरीदा था। इंग्लैंड के पूर्व धाकड़ पेसर स्टुर्ट ब्रॉड भी कमेंट्री पैनल में है। ब्रॉड ने पिछले साल इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट लिया था।हिंदी कमेंट्री पैनल में हरभजन सिंह, इरफान पठान, सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री, इमरान ताहिर, अंबाती रायडू, वरुण आरोन, मिताली राज, मोहम्मद कैफ, संजय मांजरेकर, वसीम जाफर, गुरकीरत मान, उन्मुक्त चन्द, जतिन सप्रू, दीप दासगुप्ता, रजत भाटिया, विवेक राजदान, रमन पदमजीत हैं। पूर्व भारतीय कप्तान मिताली इस पैनल में एकमात्र महिला है। वसीम जाफर हाल ही में पंजाब किंग्स से अलग हुए हैं। वह बतौर बल्लेबाजी सलाहकार पंजाब टीम से जुड़े हुए थे। गावस्कर, शास्त्री और दीप दासगुप्ता हिंदी के अलावा अंग्रेजी में भी अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे।

**कुछ ऐसा है अंग्रेजी का पैनल**

स्टीव स्मिथ, स्टुअर्ट ब्रॉड, स्टेन, जैक्स कैलिस, टॉम मूडी, पॉल कॉलिंगवुड, सुनील गावस्कर, ब्रायन लारा, रवि शास्त्री, हेडन, केविन पीटरसन, माइकल क्लार्क, संजय मांजरेकर, आरोन फिंच, इयान बिशप, नाइट, कैटिच, मॉरिसन, मॉरिस, बद्री, केटी, ग्रीम स्वान, दीप दासगुप्ता, हर्षा भोगले, एमबैंगवा, अंजुम चोपड़ा, मुरली कार्तिक, रमन, रोहन गावस्कर, गंगा, हॉवर्ड, जर्मनोस। गौरतलब है कि आईपीएल के 17वें सीजन में पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच खेला जाना है। दोनों की चेन्नई की चेपॉक स्टेडियम में आमना-सामना होगा। सीएसके डिफेंडिंग चैंपियन है।

## एलिस पैरी के नाम WPL 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड, पर्पल कैप की रेस में ये प्लेयर्स

**आरसीबी की एलिस पैरी ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 66 रनों की पारी खेलकर ऑरेंज कैप पर कब्जा जमाया है। वह अभी तक इस सीजन 312 रन बना चुकी है।**



**नई दिल्ली.एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की सीनियर खिलाड़ी एलिस पैरा ने WPL 2024 के खिताबी मुकाबले से पहले ऑरेंज कैप पर अपना कब्जा जमा लिया है। एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ पैरी ने 66 रनों की बेहद महत्वपूर्ण पारी खेली थी। उनकी इस पारी की बदौलत ही आरसीबी की टीम निर्धारित 20 ओवर में 135 के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही थी। पैरी इन 66 रनों के साथ WPL 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बैटर बन गई हैं, उन्होंने इस मामले में दिल्ली कैपिटल्स की मेग लैनिंग को पछाड़ा है। पैरी के नाम अब इस सीजन 312 रन हो गए हैं।

दिल्ली कैपिटल्स की मेग लैनिंग 308 रनों के साथ दूसरे पायदान पर है। WPL 024 का फाइनल मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच ही खेला जाना है। ऐसे में खिताबी मुकाबले के बीच ऑरेंज कैप के लिए भी इन दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक जंग देखने को मिल सकती है।इनके अलावा आरसीबी की स्मृति मंधाना 269 रनों के साथ 5वें तो डीसी की शेफाली वर्मा 265 रनों के साथ 7वें पायदान पर हैं। इन दोनों बैटर्स को ऑरेंज कैप जीतने के लिए फाइनल में काफी रन बनाने होंगे।वहीं बात पर्पल कैप की करें तो, मैरिजेन कप्प इस लिस्ट के टॉप पर हैं। उन्होंने इस सीजन खेले 6 मुकाबलों में सर्वाधिक 11 विकेट चटकाए हैं। कप्प के अलावा सोफी एक्लेस्टोन और जेस जोनासेन के भी 11-11 विकेट हैं। सोफी एक्लेस्टोन खिताबी मुकाबले का हिस्सा नहीं है। ऐसे में जोनासेन और कप्प के बीच पर्पल कैप की रेस रहेगी। इनके अलावा डीसी की राधा यादव और आरसीबी की आशा शोभना 10-10 विकेट के साथ पीछे ही हैं। इनके पास भी फाइनल में तगड़ा परफॉर्म कर पर्पल कैप जीतने का मौका रहेगा।वहीं बात पर्पल कैप की करें तो, मैरिजेन कप्प इस लिस्ट के टॉप पर है। उन्होंने इस सीजन खेले 6 मुकाबलों में सर्वाधिक 11 विकेट चटकाए है। कप्प के अलावा सोफी एक्लेस्टोन और जेस जोनासेन के भी 11-11 विकेट हैं। सोफी एक्लेस्टोन खिताबी मुकाबले का हिस्सा नहीं है। ऐसे में जोनासेन और कप्प के बीच पर्पल कैप की रेस रहेगी। इनके अलावा डीसी की राधा यादव और आरसीबी की आशा शोभना 10-10 विकेट के साथ पीछे ही हैं। इनके पास भी फाइनल में तगड़ा परफॉर्म कर पर्पल कैप जीतने का मौका रहेगा।

